**पत्र सूचना शाखा**
**सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0**

## राज्यपाल श्री नाईक ने देखी ऐशबाग की प्रसिद्ध रामलीला
## श्रीराम को सभी धर्मों के लोग मानते है - राज्यपाल

लखनऊः 30 सितम्बर, 2017

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने कहा कि लखनऊ शहर के ऐशबाग में होने वाली रामलीला ऐतिहासिक रामलीला है। देश के दूसरे भागों में होने वाली रामलीला यहाँ द्वारा प्रेरित है। राज्यपाल ने कहा कि जिस प्रकार की रामलीला का आयोजन यहाँ पर किया जाता है उसे देखकर लगता है कि इसी प्रकार अन्य जगहों पर भी रामलीला का आयोजन किया जाये। उन्होंने कहा कि यहाँ पर आकर एक अलग प्रकार का अनुभव होता है। यह मेरा सौभाग्य है कि आप लोगों के बीच आकर मैं यहाँ रामलीला देखता हूँ।

राज्यपाल आज ऐशबाग लखनऊ में आयोजित प्रसिद्ध रामलीला में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम किसी एक धर्म के मानने वालों के नहीं थे। उन्हें सभी धर्मों के लोग मानते हैं। उन्होंने कहा कि यही कारण है कि कई मुस्लिम देशों में भी रामलीला मनायी जाती है। राज्यपाल ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि आज कन्या भ्रूण हत्या एवं तुष्टीकरण रूपी रावण का दहन किया जायेगा। देश में कही भी कन्या भ्रूण हत्या एवं तुष्टीकरण नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि मैं आप सभी लोगों को आगामी 18 अक्टूबर को अयोध्या आने का निमंत्रण देता हूँ। वहाँ पर एक अद्भुत रामलीला का आयोजन किया जायेगा।

इससे पूर्व रामलीला आयोजन समिति द्वारा राज्यपाल श्री राम नाईक का स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया। आयोजन समिति ने राज्यपाल को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री डा॰0 दिनेश शर्मा, विधि एवं न्याय मंत्री डा॰0 बृजेश पाठक, रामलीला आयोजन समिति के अध्यक्ष श्री हरीश चन्द्र अग्रवाल एवं बड़ी संख्या में रामलीला देखने आये हुए दर्शक उपस्थित थे।

---

अशोक/ललित/राजभवन (380/52)

श्री राम लीला समिति ऐशबाग, लखनऊ

श्री राम लीला समिति ऐशबाग, लखनऊ
समोत्सव 2017